Gram : UNIVERSITY
Web: www.csjmu.ac.in
E-mail:csjmu@kanpuruniversity.org, registrarcsjmuknp@gmail.com

☎: 0512-2580044
☎: 0512-2582251

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर–208024
Kalyanpur, Kanpur-208024

सन्दर्भ सं०: सी.एस.जे.एम.वि.वि. / सम्ब० /2606/2021 — दिनांक: 25/09/2021

सेवा में,

प्रबन्धक / सचिव / प्राचार्य (प्रबन्ध समिति),
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
सम्बद्ध–छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

विषयः विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों हेतु निर्धारित समय–सारिणी के अन्दर सेक्शन वृद्धि सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के शासनादेश संख्याः 984 / सत्तर–2–2021–16(11) / 2017 टी0सी0, दिनांक 10.09.2021 का अवलोकन करें, जो कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में नये पाठ्यक्रम को संचालित करने एवं बी0एड0 पाठ्यक्रम के अतिरिक्त नये महाविद्यालयों / संस्थानों को खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों / संस्थानों में स्नातक / स्नाकोत्तर स्तर के अतिरिक्त विषयों / पाठ्यक्रम को प्रारम्भ करने हेतु (शैक्षिक सत्र 2021–22 के लिये) सम्बद्धता प्रस्तावों के निस्तारण के सम्बन्ध में है।

इस सम्बन्ध में कतिपय महाविद्यालयों के सेक्शन वृद्धि सम्बन्धी प्रस्ताव प्राप्त है। उक्त के आलोक में आदेशानुसार सेक्शन वृद्धि सम्बन्धी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय–सारणी निम्नवत् हैः–

सेक्शन वृद्धि हेतु आवेदन की तिथि	:	28 सितम्बर, 2021
निरीक्षण मण्डल का गठन	:	30 सितम्बर, 2021
निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या प्रस्तुत किया जाना	:	04 अक्टूबर, 2021
विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय को सेक्शन वृद्धि प्रदान किया जाना	:	07 अक्टूबर, 2021
सेक्शन वृद्धि + निरीक्षण शुल्क	:	रू0 25,000 / –

अतः ऐसे महाविद्यालय जो सेक्शन वृद्धि हेतु आवेदन करना चाहते है, वे उक्त निर्धारित समय–सारणी के अनुसार आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। अन्तिम तिथि के उपरान्त सत्र 2021–22 हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

भवदीय,

डा0 (अनिल कुमार यादव)
प्र. कुलसचिव

<u>**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**</u>

1. सिस्टम मैनेजर, कम्प्यूटर सेण्टर को इस आशय से प्रेषित कि पत्र को समस्त महाविद्यालयों (कानपुर नगर / कानपुर देहात / औरैया / इटावा / कन्नौज / फर्रूखाबाद एवं उन्नाव) के कालेज लॉगिन एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव